# Adulterated Mobil Oil: आगरा की एक फैक्ट्री में धड़ल्ले से बन रहा था नकली मॉबिल आयल, बरामद हुआ जखीरा



Publish Date:Fri, 25 Sep 2020 08:57 AM (IST)Author: **Tanu Gupta**

*3600 लीटर मोबिल ऑयल और 75 खाली ड्रम बरामद। नकली ऑयल तैयार कर बाजार में की जा रही थी सप्लाई। गुरुवार रात पुलिस ने छापा मारकर फैक्ट्री से भारी मात्रा में माल बरामद कर लिया है। भवन मालिक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।*

**आगरा, जागरण संवाददाता।** फाउंड्री नगर में एक फैक्ट्री में नकली ऑयल तैयार हो रहा था। ड्रमों में आयल लाकर यहां नामी कंपनियों के डिब्बों में एक लीटर से बीस लीटर तक की पैकिंग की जाती थी। इसके बाद इसे बाजार में सप्लाई किया जाता था। गुरुवार रात पुलिस ने छापा मारकर फैक्ट्री से भारी मात्रा में माल बरामद कर लिया है। भवन मालिक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। फैक्ट्री संचालक और उसके साथियों की तलाश में पुलिस दबिश दी जा रही है। सीओ छत्ता विकास जायसवाल ने बताया कि नकली मोबिल आयल के मामले में पुलिस जांच में लगी है।

गुरुवार को पुलिस को फाउंड्री में फैक्ट्री की सूचना मिली। पुलिस टीम वहां पहुंची तो फैक्ट्री बंद थी। पुलिस टीम ने अंदर घुसकर देखा तो होश उड़ गए। चार हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनी फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली ऑयल तैयारी किया जा रहा था।फैक्ट्री में सर्वो, होंडा, कैस्ट्रॉल व अन्य नामी कंपनियों के छोटे-बड़े डिब्बे रखे थे। रैपर, ढक्कन समेत अन्य पैकिंग मैटेरियल भी रखा था। इसमें 3600 लीटर ड्रमों में भरा ऑयल, 75 खाली ड्रम थे। जबकि 271 पेटी ट्रांसपोर्ट कंपनी पर ले जाने के लिए पैक्ड मोबिल ऑयल था। एक पेटी में एक-एक लीटर ऑयल के 20 डिब्बे थे। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक रीफिलिंग मशीन, पैकिंग मशीन, सीलिंग मशीन आदि रखी थीं। भवन स्वामी कमला नगर के प्रोफेसर कालोनी निवासी दिनेश चंद्र अग्रवाल हैं। पुलिस ने दिनेश चंद्र अग्रवाल से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि भवन एक जुलाई को ही छत्ता के जीनखाना निवासी शानू को नौ हजार रुपये प्रतिमाह किराए पर दिया था। सीओ छत्ता विकास जायसवाल ने बताया कि शानू की तलाश में दबिश दी जा रही है।

**पहले भी पकड़ी गई थीं दो फैक्ट्री**

15 दिन पहले थाना एत्माद्दौला के ही हनुमान नगर और ताजगंज के गोबर चौकी क्षेत्र में नकली मोबिल आयल की फैक्ट्री पकड़ी गई थी। पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। इसके बाद जीन खाना, छत्ता में पैकिंग का सामान बनाते हुए एक आरोपित को गिरफ़्तार किया था। इस मामले में कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसकी विवेचना चल रही है। मुख्य आरोपी अभी पकड़े जाने हैं।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/agra-city-police-raid-on-adulterated-mobil-oil-factory-in-agra-20793881.html